


# सुपरस्टार रजनीकांत की नई फिल्म का टाइटल पोस्टर रिलीज हो गया है

कमल के बैनर तले बनी फिल्म का 'धर्मन' है। पोस्टर में रजनीकांत एक खतरनाक डॉक्टर के रोल में नजर आ रहे हैं, जसिके हाथ खून से सने हैं। फिल्म को अश्वथ मारिमुथु डायरेक्ट रहे हैं। शूटिंग गुरुवार से चेन्नई में शुरू हो रही है।

सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस जहां उनकी फिल्म 'जेलर 2' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बुधवार को दिग्गज एक्टर की 173वीं फिल्म 'धर्मन' का फर्स्ट लुक टाइटल पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म को कमल हासन की कंपनी 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' प्रोड्यूस कर रही है, जबकि 'ओह माय कडावुले' और 'ड्रैगन' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर अश्वथ मारिमुथु इसे डायरेक्ट करेंगे।

सोशल मीडिया पर 'धर्मन' का फर्स्ट-लुक पोस्टर चर्चा में है, जिसकी खास वजह रजनीकांत एक खतरनाक अंदाज है। वह एक डॉक्टर के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसे हाथ खून से सने हैं। बुधवार 24 जून को ही चेन्नई में फिल्म की मुहूर्त पूजा हुई है, जबकि गुरुवार से शूटिंग शुरू हो जाएगी। 'धर्मन' का पोस्टर दिलचस्प है। खून से सने फर्स्ट लुक ने फैंस के लिए माहौल बना दिया है। इसमें रजनीकांत स्कैल्पेल यानी सर्जरी वाली चाकू लिए हुए हैं। उनके हाथ पर गहरे घाव और खून के धब्बे दिख रहे हैं। एक और चीज जिसने फिल्म के बारे में उत्सुकता बढ़ाई है, वह है कलाई पर दिख रहा रहस्यमयी ब्रेसलेट।

# नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी
# बेहद शानदार है 'ईठा' का टीजर




स्त्री 2 की जबरदस्त सक्सेस के दो साल बाद श्रद्धा कपूर एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर राज करने आ रही हैं। दरअसल एक्ट्रेस की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' जल्द ही रिलीज होने वाली है। उससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर आज रिलीज कर दिया। 'ईठा' की पहली झलक देखने के बाद फैंस अब इसकी रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

**'ईठा' का जबरदस्त टीजर हुआ रिलीज**श्रद्धा कपूर की अपकमिंग 'ईठा' का टीजर जबरदस्त है। ये मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस शानदार कलाकार की मज़बूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर की शुरुआत लावणी कलाकारों की परफ़ॉर्मेंस से होती है, लेकिन, जल्द ही एक नाराज भीड़ उन्हें रोक देती है और ईठा से स्टेज पर आने की मांग करती है।

इस बीच, ईथा को बैकस्टेज अपनी परफार्मेंस के लिए तैयार होते हुए दिखाया गया है, जबकि वह नौ महीने की प्रेग्नेंट है। जल्द ही उसे लेबर पेन शुरू हो जाता है और वह दर्दनाक ऐंठन से जूझते हुए तकलीफ में दिखाई देती है। एक वॉयसओवर ईथा से परफॉर्मेंस न करने के लिए कहता है क्योंकि इससे उसकी जान जा सकती है, लेकिन वह जिद करती है क्योंकि वह एक मिसाल कायम करना चाहती है, और ब'चे को जन्म देने के तुरंत बाद उसे स्टेज पर लौटते हुए देखा जाता है।

इसके बाद के विज़ुअल्स में इंडस्ट्री में ईथा का असर और दर्शकों पर उसका दबदबा दिखाया गया है। उसे भीड़ के बीच चलते हुए देखा जाता है जो उसका उत्साह बढ़ा रही है। टीज़र का एंड वॉयसओवर के साथ होता है जिसमें उसे 'तूफ़ान' कहा गया है।

**श्रद्धा ने ईठा के पोस्टर किए जारी**-इससे पहले श्रद्धा कपूर ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'ईठा' के पहले पोस्टर जारी करके फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी। दरअसल अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर श्रद्धा कपूर ने दो पोस्टर शेयर किए, जिनमें फैंस को विठाबाई नारायणगांवकर के तौर पर उनके किरदार की पहली झलक देखने को मिली। उन्होंने यह भी बताया कि टीज़र आज ही रिलीज हो रहा है।

उन्होंने लिखा था, 'तैयार हो।।। आ रही है ईठा टीज़र 2 घंटे में आ रहा है। बने रहें। 'वैसे इस बायोपिक का पहला टीज़र खास तौर पर सिनेमाघरों में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फ्लि्म 'कॉकटेल 2' (जो 19 जून को रिलीज़ हुई थी) के साथ दिखाया गया था। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और आकर्षक झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रूप में बेहद शानदार लग रही थीं।

**कब रिलीज होगी 'ईठा'**-श्रद्धा के अलावा, 'ईठा' में रणदीप हुड्डा और मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरो में दस्तक देगी।

# 'मिर्जापुर' का भौकाली टीजर जारी..

इस साल की सबसे भौकाली फिल्म का टीजर अब फाइनली आ चुका है। जी हां, मिर्जापुर: द मूवी 4 सितंबर को रिलीज होने वाली है, जिसका 12 बजे टीजर आउट हो गया है। एक बार फिर कालीन भैया मिर्जापुर की गद्दी में बैठे दिखे। तो दूसरी ओर गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया भी आमने-सामने आए। वैसे इन किरदारों को आप पहले भी सीरीज में देख चुके हैं। तो इस टीजर का हाइलाइट जितेंद्र कुमार और रवि किशन रहे हैं।

सारी प्रजा को मार देंगे, तो फिर राज किस पर करेंगेज् कालीन भैया यानी पंकज त्रिपाठी एक बार फिर 'मिर्जापुर' की गद्दी के लिए लौट आए हैं। बस इस बार बड़े पर्दे पर वापसी हो रही है। जी हां, 'मिर्जापुर: द मूवी' 4 सितंबर को रिलीज होने वाली है, जिसका 12 बजे टीजर आउट हो गया है।

2 मिनट 22 सेकंड के टीजर में वो सब कुछ है, जिसका फैन्स को इंतजार था। शुरुआत कालीन भैया से ही होती है और हर बढ़ते फ्रेम के साथ पुराने किरदार नए अंदाज में दिखते हैं। जिससे कई यादें ताजा हो गई हैं। लगभग सभी स्टार्स को लोग वेब सीरीज मिर्जापुर में देख चुके हैं। लेकिन जितेंद्र कुमार और रवि किशन की एंट्री जबरदस्त है, जिसने फैन्स को डबल खुशी दे दी। **मुन्ना भैया को देखकर फैन्स खुश**-मुन्ना भैया का रोल वेब सीरीज मिर्जापुर में खत्म हो चुका है। और यही वजह थी कि सीजन 3 में वो दिखाई नहीं दिए। जिसके चलते फैन्स काफी नाराज थे। पर फिल्म के टीजर में मुन्ना भैया का भौकाल पूरी तरह से देखने को मिल रहा है। जिसने फैन्स को खुश कर दिया है। लोग कमेंट करते हुए लिख रहे हैं कि- मुन्ना भैया लौट आए हैं और क्या चाहिए। टीजर में एक सीन है, जहां मुन्ना भैया और गुड्डू पंडित आमने-सामने भी आए हैं। यह मान लीजिए कि बस कपड़े ही बदले हैं और सभी सीन्स एकदम वैसे ही हैं, जैसे हमने सीरीज में देखें। उतना ही बवाली टीजर भी है।

**बदले हुए बबलू पंडित कैसे लगे?**इस फिल्म में विक्रांत मैसी ने बबलू पंडित के रोल में वापसी नहीं की है। तो उनकी जगह जितेंद्र कुमार को इस रोल में उतारा गया है। जिनका गुड्डू पंडित के साथ एक सीन है और वो उसमें काफी बढ़िया लग रहे हैं। वो कहते हैं- च्हमें एम्पायर बनाना नहीं है गुड्डू भैया, उसे चलाना है।ज्ज देखना होगा कि वो इस रोल को किस तरह निभाते हैं, क्योंकि इस वक्त सबके दिमाग में बबलू पंडित की एक छवि बनी हुई है।

**रवि किशन की एंट्री देखी?**-फिल्म में रवि किशन की एंट्री भी हुई है, जो खूब बवाल मचाने वाले हैं। टीजर में उनके कुछ फ्रेम से ही पता लग गया है। वो काफी मारधाड़ करते हुए दिख रहे हैं।

# 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट का ऐलान, डबल रोल की झलक




'टॉक्सिक' की रिलीज डेट का फाइनली ऐलान किया जा चुका है। यश ने नई रिलीज डेट के साथ फिल्म में अपने डबल रोल वाला लुक भी शेयर किया है। इसने फैंस को क्रेजी कर दिया है। यश 'टॉक्सिक' में राया और टिकट के किरदार में हैं। फैंस का कहना है कि फिल्म गदर मचा देगी।

यश की फिल्म 'टॉक्सिक' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। हर कोई जानना चाह रहा था कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। अब फाइनली रिलीज डेट का ऐलान किया जा चुका है। 'टॉक्सिक' थिएटर्स में 26 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। साथ ही मेकर्स ने फिल्म से यश के डबल अवतार वाले लुक भी रिलीज किए हैं। एक लुक राया का है और दूसरा टिकट का। 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' की रिलीज डेट अभी तक कई बार बदली जा चुकी है, जिसके कारण फैंस के बीच संशय बना हुआ था और बेसब्री थी कि आखिर 'टॉक्सिक' देखने के लिए इंतजार कब खत्म होगा।

यश ने 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट और नया पोस्टर शेयर कर लिखा है, 'अपने पिता का सम्मान करो यह पोस्टर यश ने 21 जून को फादर्स डे के मौके पर रिलीज किया है। इसे देख फैंस क्रेजी हो गए हैं और उन्हें 'टॉक्सिक' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।

पहले यह 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होनी थी, फिर इसे 19 मार्च 2026 में शिफ्ट किया गया। लेकिन मेकर्स ने फिर बदलाव किया और रिलीज डेट 4 जून 2026 कर दी थी। साथ ही कारण बताया था कि मिडल ईस्ट में चल रही टेंशन की वजह से सिनेमा के काम पर असर पड़ रहा है और इसीलिए रिलीज डेट पोस्टपोन करने का फैसला किया गया है। हालांकि,इसका एक और कारण सामने आया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'टॉक्सिक' को 19 मार्च से इसलिए बदला गया था क्योंकि तब 'धुरंधर 2' रिलीज हो रही थी और दोनों फिल्में के टकराव का असर उनके बिजनेस पर पड़ता।

'टॉक्सिक' का बजट और कास्ट

अब फाइनली 'टॉक्सिक' ओनम के मौके पर 26 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म का बजट 800-850 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसमें यश के अलावा कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, अक्षय ओबेरॉय, तारा सुतारिया, टोविनो थॉमस, नयनतारा, रुकमणि वसंत और सुदेव नायर भी हैं।



# बाकी हीरोइनों की तरह कनिका ने भी झेला है इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच

एक्ट्रेस कनिका माहेश्वरी इन दिनों टीवी शो 'सहर होन को है' में नजर आ रही हैं। अपने निगेटिव किरदार को लेकर वो छाई हुई हैं। बाकी हीरोइनों की तरह कनिका ने भी इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच झेला है। कास्टिंग एजेंट ने बदतमीजी की है। ऐसा ही एक किस्सा उन्होंने बातचीत में बताया।, कनिका ने मुताबिक, कास्टिंग एजेंट ने उन्हें कहा- मैम 2-3 स्मूच सीन हैं। 1 बेड सीन है। 'यादा कुछ नहीं दिखाएंगे। बस टांग और थाईज, क्लीवेज दिखाएंगे। आप करेंगी ना, कनिका ने तीखा जवाब देते हुए कहा- मैं पोर्न फिल्में करती हूं। अगर तुम्हारे पास वैसा कोई रोल हो तो बताना।

कनिका ने ये बोलकर शख्स का फोन काट दिया। फिर उसका दोबारा फोन आया। तब कनिका ने उसकी तगड़ी क्लास लगाई।

एक्ट्रेस ने कहा- तुम सारी चीजें तो दिखा रहे हो सीन में। सब कुछ तो करवा रहे हो। शख्स ने सफाई देते हुए कहा कि आजकल तो हर कोई ऐसे सीन्स करता है। तब मैंने उसे कहा कि आपको पूछने की तमीज होनी चाहिए।

कनिका ने कास्टिंग काउच को लेकर मिलने वाले इनडायरेक्ट हिंट को रिवील किया। उन्हें किसी ने पूछा था- कहां रहती हो किसके साथ रहते हो कब सोती हो कनिका ने बताया कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए वो रात को 8 बजे के बाद किसी के साथ मीटिंग नहीं करती हैं। रात को 10 बजे के बाद वो प्रोफेशनल कॉल्स नहीं लेती हैं।

# लोग कहते हैं कि ये कोई उम्र है डांस करने की-माधुरी

फिल्म मां बहन में दो जवान बेटियों की मां की भूमिका निभा रहीं माधुरी दीक्षित ने कहा- सोशल मीडिया के दौर में एज शेमिंग और वेट शेमिंग बहुत आम है। इस चलन पर माधुरी का कहना है। उन्होंने कहा कि उम्र के साथ बदलाव आएगा ही। चेहरा बदलेगा, शरीर बदलेगा, लेकिन मैं फिर वही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है करना।

**माधुरी दीक्षित की फिल्म मां-बहन**-हमारे समाज में औरतों के चरित्र को उसके कपड़ों की लंबाई से जज किया जाता है और सोसायटी की इसी सोच पर चोट करती है, माधुरी दीक्षित की नई फिल्म मां बहन। फिर में सोसायटी के तमाम नियमों को तोड़ने वाली रूल बेक्रर रेखा बनी माधुरी दीक्षित ने खुद भी लोगों के जजमेंट का सामना किया है, मगर वह उनकी परवाह न करके अपनी मर्जी के मुताबिक जीने में यकीन रखती हैं।

**माधुरी बोलीं- जो चीज खुशी दे, वो करना चाहिए**-लोगों के जजमेंट को लेकर माधुरी कहती हैं, समाज में जजमेंट तो है ही। आप चाहे स्क्रीन पर हों या किसी भी प्रफेशन में, हमें जज किया ही जाता है, खासकर सिंगल औरतों को और भी ज्यादा। मतलब वे काम से लेट आईं तो लोग कॉमेंट करना शुरू कर देते हैं कि अरे, इतनी देर से आ रही है। ऐसे ही हमारे भी प्रफेशन में है कि अ छा, अब तो मां बन चुकी है, अभी भी क्यों काम कर रही हैं या ये कोई उम्र है क्या डांस करने की? ऐसे कॉमेंट भी आते हैं, जिसका सामना करना होता है, लेकिन मेरा मानना है कि जजमेंट के बावजूद आपको वो करना चाहिए जो चीज आपको खुशी देती है। कॉमेंट्स करना उन्हें खुशी देता है लेकिन हमें अपने आप में खुश रहना चाहिए।

**माधुरी का कहना है, उम्र के साथ बदलाव आएगा ही। चेहरा बदलेगा, शरीर बदलेगा, लेकिन मैं फिर वही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। आपकी जिंदगी में लोगों की सोच का इतना प्रभाव नहीं होना चाहिए। आप वो करें जो आपको खुशी देता है। जैसे, मुझे डांस पसंद है तो मैं करूंगी क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है।**

**डांस से मुझे खुशी मिलती है**--आज हम सोशल मीडिया के दौर में एज शेमिंग और वेट शेमिंग बहुत आम है। इस चलन पर माधुरी का कहना है, उम्र के साथ बदलाव आएगा ही। चेहरा बदलेगा, शरीर बदलेगा, लेकिन मैं फिर वही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। आपकी जिंदगी में लोगों की सोच का इतना प्रभाव नहीं होना चाहिए। आप वो करें जो आपको खुशी देता है। जैसे, मुझे डांस पसंद है तो मैं करूंगी क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है। आप लोगों के नजरिए से हिसाब से अपनी जिंदगी नहीं जी सकते। आप अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जिएं, लोग तो बोलते रहेंगे। हां, कभी-कभी बुरा बेशक लगता है कि लोग ऐसा क्यों कह रहे हैं, लेकिन उसे इतना सीरियसली न लें कि उससे आपकी जिंदगी प्रभावित होने लगे। वहीं, 59 की उम्र में भी बेहद खूबसूरत और फिट माधुरी की फिटनेस का राज पूछने पर बताती हैं, इसके पीछे बहुत अनुशासन है। डायट का ख्याल रखना। एक्सरसाइज करना। मेरा डांस ही बहुत बड़ा एक्सरसाइज है। इसके साथ साथ सही समय पर सोना, कोई बुरी आदतें नहीं, वो सब मायने रखता है। उम्र के साथ बदलाव आएगा ही। चेहरा बदलेगा, शरीर बदलेगा, लेकिन मैं फिर वही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। आपकी जिंदगी में लोगों की सोच का इतना प्रभाव नहीं होना चाहिए। आप वो करें जो आपको खुशी देता है। जैसे, मुझे डांस पसंद है तो मैं करूंगी क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है।

**कोई मैन्युल पढ़कर नहीं बन सकते मां**-फिल्म में दो जवान बेटियों की मां की भूमिका निभा रहीं माधुरी मांओं को एक ऊंचे मकाम पर खड़ा कर दिए जाने पर भी सवाल करती हैं। बकौल माधुरी, मां को हम एक ऐसे ऊंचे मकाम पर खड़ा कर देते हैं कि मां कुछ गलत नहीं कर सकती। उन्हें ये करना चाहिए, वो करना चाहिए। उन्हें कुछ भी हो जाए, कितनी भी बीमार हो जाए, पर घर का ख्याल तो रखना ही चाहिए। हमें समझना चाहिए कि वो भी इंसान हैं और उन्हें भी उसी तरह से देखा जाना चाहिए। उनकी भी कभी तबीयत खराब होगी, वे भी आराम डिजर्व करती हैं। वहीं, निजी जिंदगी में उनका अपने बेटों संग कैसा तालमेल रहता है? इस पर वह हंसकर कहती हैं, मां बनने का मतलब है केयास। उसके बाद उथल-पुथल ही रहता है जिंदगी में क्योंकि हर ब चा अलग होता है और आपको उन्हें समझना होता है।

बच्चा किसी मैनुअल के हिसाब से तो पाला नहीं जा सकता। आप करते-करते अपने अनुभवों से सीखते हैं। बच्चे आपको सिखाते हैं तो यह जिंदगी का एक अलग सफर है जो आप अपने बच्चे के साथ तय करते हैं। मां को हम एक ऐसे ऊंचे मकाम पर खड़ा कर देते हैं कि मां कुछ गलत नहीं कर सकती। उन्हें ये करना चाहिए, वो करना चाहिए। उन्हें कुछ भी हो जाए, कितनी भी बीमार हो जाए, पर घर का ख्याल तो रखना ही चाहिए। हमें समझना चाहिए कि वो भी इंसान हैं और उन्हें भी उसी तरह से देखा जाना चाहिए। उनकी भी कभी तबीयत खराब होगी, वे भी आराम डिजर्व करती हैं।

